दिन–शुक्रवार दिनांक– 29 / 03 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

बिहार में विपक्षी महागठबंधन ने आज चालीस लोकसभा क्षेत्रों के लिए साझा तौर पर सीटों की घोषणा की। महागठबंधन के नेताओं ने पटना में संयुक्त प्रेस कॉफ्रेंस में सीटों के बटवारे की घोषणा की। सीटों के समझौते के अनुसार राजद छब्बीस सीटों पर चुनाव लड़ेंगी। वहीं, कांग्रेस को नौ, भाकपा–माले को तीन, सीपीआई और सीपीआईएम को एक–एक सीट मिली है। समझौते के अनुसार राजद सारण, पाटलीपुत्र, बक्सर, उजियारपुर, जहानाबाद, दरभंगा, बांका और अररयि सीटों पर चुनाव लडेगी। इसके अलावा राजद मुंगेर, सीतामढी, झंझारपुर, मधुबनी, सिवान, वैशाली, हाजीपुर, सुपौल, वाल्मिकीनगर, पूर्वी चंपारण, शिवहर, पूर्णियां, मधेपुरा और गोपालगंज लोकसभा सीटों पर भी उम्मीदवार उतारेगी। पार्टी के छब्बीस उम्मीदवारों में से चार ने पहले चरण के अंतर्गत औरंगाबाद, नवादा, जमुई और गया सीटों पर पहले ही नामांकन पत्र भर दिए हैं।

वहीं, समझौते के अनुसार कांग्रेस को किशनगंज, कटिहार, भागलपुर, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, पश्चिम चम्पारण, पटना साहिब, सासाराम और महाराजगंज सीट मिली है। इधर, भाकपा–माले को आरा, काराकाट और नालंदा की सीट दी गयी है। इसके साथ सीपीआई बेगूसराय और सीपीएम खगड़िया सीट पर चुनाव लड़ेगी। पटना में साझा प्रेस कोंफ्रेंस के दौरान राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह और कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह के साथ घटक दल के अन्य नेता उपस्थि थे।

———————————————————

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए गया, औरंगाबाद, नवादा और जमुई संसदीय क्षेत्रों में नामांकन प्रक्रिया कल समाप्त हो गई। चारों संसदीय क्षेत्रों में कुल एक सौ दस नामांकन पत्र दाखिल किये गये। नामांकन पत्रों की जांच कल होगी और दो अप्रैल तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। पहले चरण में उन्नीस अप्रैल को मतदान होगा।

———————————————————

केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता नित्यानंद राय ने दावा करते हुये कहा है कि इस बार बिहार की सभी चालीस लोकसभा सीटों पर एनडीए की जीत होगी। समस्तीपुर में आज **'मोदी संग बिहार'** वीडियो सॉग की लॉचिंग के अवसर पर श्री

राय ने राजद पर परिवारवाद और तुष्टिकरण की राजनीति का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि राजद और कांग्रेस गठबंधन जब भी सत्ता में आई है, तो भ्रष्टाचार और घोटालों के साथ अपराधियों को संरक्षण मिला है।

———————————————————————

निर्वाचन आयोग का सी विजिल ऐप मतददाताओं के बीच लोकप्रिय हो रहा है। अब तक आम चुनाव की घोषणा के बाद इस ऐप पर उनासी हजार से अधिक उल्लंघन के मामलों को दर्ज किया गया है। निर्वाचन आयोग ने एक बयान में कहा कि निन्यानवे प्रतिशत से आधिक शिकायतों का समाधान कर लिया गया है।

———————————————————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू कल जननायक कर्पूरी ठाकुर को मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित करेंगी। राष्ट्रपति भवन में आयोजित होने वाले समारोह में जननायक के पुत्र और राज्य सभा सदस्य रामनाथ ठाकुर यह सम्मान ग्रहण करेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी इस कार्यक्रम में शामिल होंगे।

———————————————————————

केन्द्र सरकार ने गेहूं के भंडारण को अनिवार्य रूप से घोषित करने का आदेश दिया है। उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने आज कहा कि सभी राज्यों में व्यापारियों, थोक विक्रेताओं और खुदरा विक्रेताओं को एक अप्रैल से अगले आदेश तक गेहूं की अपनी भंडारण की स्थिति घोषित करनी होगी। विभाग देश में कीमतों को नियंत्रित करने और आसान उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए गेहूं और चावल की भंडारण की स्थिति पर कड़ी नजर रख रहा है।

———————————————————————

आज गुड फ्राइडे है। प्रभु ईसा मसीह को सलीब पर चढ़ाए जाने की याद में यह दिन मनाया जाता है। इसी दिन प्रभु यीशु ने मानवता को पापों से मुक्ति दिलाने के लिए अपने जीवन का बलिदान किया था। गुड फ्राइडे पर लोग मानवता और आपसी भाईचारे को सुदृढ़ करने का संकल्प लेते हैं। प्रभु यीशु के पुनर्जीवित होने के उपलक्ष्य में रविवार से ईस्टर समारोह शुरू हो जायेगा। गुड फ्राइडे पर राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने संदेश में कहा कि प्रभु यीशु के बताये मार्ग के अनुसरण से ही मानव समाज का कल्याण हो सकता है। इस अवसर पर राजधानी पटना सहित पूरे प्रदेश के गिरिजाघरों में विशेष प्रार्थना सभाओं का आयोजन किया जा रहा है।

———————————————————————

राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकतर भागों में तापमान में उतार–चढ़ाव की स्थिति बनी हुयी है। मौसम विभाग के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य का मौसम शुष्क बना रहा। विभाग ने कहा है कि एक पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से अगले अड़तालीस घंटों के दौरान राज्य के अधिकांश भागों में वज्रपात के साथ हल्की बारिश की सम्भावना है। वहीं, प्रदेश के दक्षिणी भाग के जिलों में कुछ स्थानों पर मेघ गर्जन और वज्रपात का येलो अलर्ट भी जारी किया गया है।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।